मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-262
25/06/2022

मुख्यमंत्री ने गांधी सेतु के पश्चिमी एवं पूर्वी लेन, जे0पी0 गंगा पथ तथा अटल पथ का किया निरीक्षण। निर्माणाधीन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के परीक्षा भवन का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 25 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सड़क मार्ग से गांधी सेतु के पश्चिमी एवं पूर्वी लेन, जे0पी0 गंगा पथ तथा अटल पथ का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कुम्हरार में निर्माणाधीन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के परीक्षा भवन का भी निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान सचिव भवन निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को बताया कि भवन के स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक पूर्ण हो जायेगा। यह जी प्लस फाइव स्ट्रक्चर है। यहाँ 3 ब्लॉक होंगे, 64 परीक्षा हॉल होंगे। भवन में आधुनिक सुविधायें होंगी ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह ऐसा परीक्षा भवन होगा, जहाँ एक साथ 25 हजार छात्र परीक्षा दे सकेंगे। साथ ही परीक्षा में होनेवाली गड़बड़ियों पर भी नियंत्रण होगा और परीक्षाओं का आयोजन बेहतर ढ़ंग से हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि काम की गुणवता को ध्यान में रखते हुये तेजी से कार्य पूर्ण करें ताकि अगले वर्ष से होनेवाली परीक्षायें यहीं आयोजित हो। परीक्षा भवन के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर यहाँ एक साथ परीक्षा हो सकेगी, इससे परीक्षार्थियों को काफी सहूलियत होगी।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग सह बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष श्री आनंद किशोर, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******